जन योजना अभियान के तहत ग्रामीणों को दी गई गांव में होने वाले विकास की जानकारी

दैनिक शुभ भास्कर
देवेंद्र कुमार पटेल संवाददाता
सेवापुरी वाराणसी। आराजी लाइन विकासखंड के चकरा (खेवली) परिषदीय विद्यालय पर बुधवार को जन योजना अभियान के तहत गांव के लोगों को गांव में होने वाले विकास के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमजद खान(एमओआरपी) मिनिस्ट्री आफ पंचायती राज विभाग रहे। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों से मुख्य अतिथि ने कहा की दूषित जल एवं गंदगी से 80% बीमारियां होती है। यदि गांव का एक भी व्यक्ति शौचालय का प्रयोग न कर खुले में शौच के लिए बाहर सिवान की तरफ जाता है तो हम बीमारियों से सुरक्षित नहीं है। साथ ही उन्होंने गांव में गठित निगरानी समिति को भी सक्रिय करने का सलाह दिया। वही डीडी एके सिंह ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया। ग्राम सचिव महेश्वर प्रसाद द्वारा गांव में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी ग्रामीणों को दी गई कार्यक्रम का संचालन अनवर ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से टीआरआई एयाज रामाश्रय, अर्चना यादव,नीलम पटेल रिशा पटेल, राजेश राज, अनीता देवी, प्रमिला देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रही।